**जिला सैनिक कल्याण ऊना के सैनिक विश्राम गृह निधि के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन**

**अवधि 1-04-2015 से 31-03-2017**

**1 गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन:-**

गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर की गई कार्यवाही की वर्तमान अंकेक्षण के दौरान समीक्षा के उपरान्त अनिर्णीत पैरों की स्थिति निम्नानुसार है।

**(क) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि4/98 से 3/2000**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा - 8 | निर्णीत | विश्राम गृह की आय को हर सप्ताह जमा करवाने की पुष्टि उपरान्त |

**(ख) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि4/09 से 3/11**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा - 6 | निर्णीत | प्रस्तुत उतर के अधार पर |
| 2 | पैरा - 7 | निर्णीत | स्टॉक प्रविष्टी खपत एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र की पुष्टि उपरान्त |

**(ग) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/11 से 3/15**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा - 5 (क) | अनिर्णीत | |
| 2 | पैरा - 5 (ख) | अनिर्णीत | |
| 3 | पैरा - 5 (ग) | अनिर्णीत | |
| 4 | पैरा - 5 (घ) | निर्णीत | कमरे को खाली करवाने की पुष्टि उपरान्त |
| 5 | पैरा - 5 (ड.) | निर्णीत | कमरे को खाली करवाने की पुष्टि उपरान्त |
| 6 | पैरा - 6 (क) | निर्णीत | प्रस्तुत उतर के आधार पर |
| 7 | पैरा - 6 (ख) | निर्णीत | कांट-छांट को सत्यापित करवाने की पुष्टि उपरान्त |
| 8 | पैरा - 7 (क) | निर्णीत | छात्रावास के किराये के अनुबंध की पुष्टि उपरान्त |
| 9 | पैरा - 7 (ख) | निर्णीत | ₹59100 की वसूली की पुष्टि उपरान्त |
| 10 | पैरा - 8 | निर्णीत | दर संविदा की दरों से कम दरों पर क्रय करने की पुष्टि उपरान्त |
| 11 | पैरा - 9 | निर्णीत | स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्रविष्टियों की सत्यापना उपरान्त |
| 12 | पैरा - 10 | निर्णीत | प्रस्तुत उतर के आधार पर |
| 13 | पैरा - 11 | निर्णीत | स्थाई व अस्थाई स्टॉक रजिस्टरों की सत्यापना उपरान्त |

**भाग- दो**

2 **(क) वर्तमान अंकेक्षण:-**

जिला सैनिक कल्याण ऊना की सैनिक विश्राम गृह निधि के अवधि 1-04-2015 से 31-03-2017 तक के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य श्री राजकुमार, अनुभाग अधिकारी व श्री सुशील कुमार, आर्टिकल सहायक द्वारा दिनांक 26-03-18 से 29-03-18 तक ऊना मे किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये हैं। लेखाओं की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए मासों का चयन निम्न प्रकार से किया गया।

**आय :- 12/15 व 4/16**

**व्यय :- 11/15 व 9/16**

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण संस्था के नियन्त्रण अधिकारी ( Controlling Officer) द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। संस्था द्वारा प्रदत किसी भी गलत सूचना एवं सूचना प्रदान न करने की अवस्था में इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश का उतरदायित्व नहीं है।

**(ख) अंकेक्षण अवधि के दौरान मेजर रघवीर सिंह** द्वारा **आहरण एवं वितरण अधिकारी** के पद का कार्य निष्पादित किया गया।

3 **अंकेक्षण शुल्क :-**

जिला सैनिक कल्याण ऊना की सैनिक विश्राम गृह निधि के अवधि 1-04-2015 से 31-03-2017 तक के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क, पुनर्निवास और पुनः निर्माण (आर० एंड आर०) निधि और सैनिक झंडा दिवस निधि के लेखाओं सहित ₹19800 आँका गया। अनुभाग अधिकारी की अंकेक्षण अधियाचना संख्या - 82 दिनांक 31-03-2018 द्वारा उक्त राशि को निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-9 हिमाचल प्रदेश को बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भेजने हेतु उप निदेशक, सैनिक कल्याण ऊना से अनुरोध किया गया।

4 **वितीय स्थिति :-**

जिला सैनिक कल्याण ऊना की सैनिक विश्राम गृह निधि के अवधि 1-04-2015 से 31-03-2017 तक की वितीय स्थिति निम्न प्रकार से है, जिसका विवरण **परिशिष्ट - क** पर भी दिया गया है।

**वितीय स्थिति अवधि 1-04-2015 से 31-03-2017**

| वर्ष | आरम्भिक शेष | आय | ब्याज | योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | 717201.66 | 3115817 | 21228 | 3854246.66 | 2985242 | 869004.66 |
| 2016-17 | 869004.66 | 649443 | 75138 | 1593585.66 | 363376 | 1230209.66 |

**अन्तिम शेष का विवरण:-**

i) दिनांक 31-03-17 को स्टेट बैंक ऑफ़ पटियाला ऊना के बचत खाता संख्या 65038259764 में जमा शेष राशि = 926730.66

ii) दिनांक 31-03-2017 तक स्टेट बैंक ऑफ़ पटियाला ऊना के सावधिक निवेश संख्या 65176125186 व 65175400201 के अन्तर्गत निवेशित राशि 303479

**कुल योग = 1230209.66**

5 **सावधिक निवेश:-**

दिनांक 31-03-2017 तक जिला सैनिक कल्याण ऊना की सैनिक विश्राम गृह निधि की सावधिक निवेश के अन्तर्गत निवेशित राशि का विवरण निम्नानुसार है।

| क्रम सं0 | एफ० डी० संख्या | निवेश की तिथि | निवेशित राशि | परिपक्वता तिथि | परिपक्वता राशि | बैंक का नाम | ब्याज दर | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 65175400201 | 18-09-16 | 238859 | 28-03-18 | 267050 | स्टेट बैंक ऑफ़ पटियाला ऊना | 7.37 % | 555 दिन |
| 2 | 65176125186 | 21-09-16 | 64620 | 30-03-18 | 72449 | स्टेट बैंक ऑफ़ पटियाला ऊना | 7.57 % | 555 दिन |
| | | **योग** | **303479** | | | | | |

6 **सावधिक निवेश पर बैंक द्वारा ₹2408 टी० डी० एस० काटे जाने बारे:-**

अंकेक्षण के दौरान जांच करने पाया गया कि जिला सैनिक कल्याण ऊना की सैनिक विश्राम गृह निधि से स्टेट बैंक ऑफ़ पटियाला ऊना में वितीय वर्ष 2015-16 के दौरान सावधिक निवेश के अन्तर्गत निवेशित राशियों के वसूली योग्य ब्याज से बैंक द्वारा टी० डी० एस० काटा गया है , जिसके कारण जिला सैनिक कल्याण ऊना को ब्याज के रूप में निम्नानुसार ₹2408 कम प्राप्त हुए है|

| क्रम सं० | एफ० डी० संख्या | निवेश की तिथि | निवेशित राशि | परिपक्ता तिथि | परिपक्ता योग्य राशि | वसूली/पुनः निवेशित राशि | टी० डी० एस० कटौती |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 65175400201 | 8-03-15 | 210928 | 18-09-16 | 240747 | 238859 | 1888 |
| 2 | 65176125186 | 16-03-15 | 57140 | 21-09-16 | 65140 | 64620 | 520 |
| | | | | | | **योग =** | **2408** |

उक्त निवेशित राशियों के वसूली योग्य ब्याज से बैंक द्वारा टी० डी० एस० के रूप में की गई कटौती ₹2408 का रिफंड लेने का मामला आयकर विभाग व सम्बन्धित बैंक से उठाया जाना सुनिश्चित किया जाए । ताकि टी० डी० एस० की राशि वापिस प्राप्त हो सके । तदानुसार अपेक्षित कार्यवाही से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

7 **₹24.77 लाख के निक्षेप कार्य (Deposit Works) का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त न करने बारे:-**

जाँच के दौरान पाया कि चैक संख्या 265026 दिनांक 30-03-2016 ₹2476600 अधिशासी अभियन्ता हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग ऊना को सैनिक विश्राम गृह ऊना की मुरम्मत व रख-रखाव हेतु प्रदान की गई है । लेकिन दिनांक 31-03-17 तक उक्त निक्षेप कार्य का उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग से प्राप्त नहीं किया गया है । अतः उक्त निक्षेप कार्य का उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग से प्राप्त करके सत्यापनार्थ हेतु आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

8 **₹0.59 लाख सैनिक छात्रावास के किराये की वसूली शेषः–**

जांच के दौरान पाया गया कि राजकीय महाविद्यालय ऊना से सैनिक छात्रावास के 1-04-2016 से 31-03-2017 के किराये की ₹59100 वसूली हेतु शेष थी । अतः राजकीय महाविद्यालय ऊना से सैनिक छात्रावास के किराये की वसूली अविलम्ब की जानी सुनिश्चित की जाए तदानुसार कृत कार्यवाही से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

9 **श्री राज कुमार, नायक से दिनांक 31-03-17 तक धरातल मंजिल कमरा संख्या - 1 की किराये व बिजली के बिल ₹0.44 लाख की वसूली न करना:-**

जाँच के दौरान पाया गया कि सैनिक विश्राम गृह की धरातल मंजिल कमरा संख्या -1 श्री राज कुमार, नायक को किराये पर दिया गया था, लेकिन दिनांक 1-12-2014 से 31-05-2016 तक उक्त कमरे की किराये के रूप में ₹32947 व बिजली के बिल के रूप ₹11138 कुल ₹44085 वसूली नहीं की गई थी, यद्यपि उक्त कमरे को सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा दिनांक 5-06-2016 को खाली कर दिया गया है, परन्तु दिनांक 31-03-2017 तक भी उक्त व्यक्ति से ₹44085 वसूली नहीं की गई

है, जिसकी वसूली अतिशीघ्र की जाए तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को भी अवगत करवाया जाये।

10 **दर सविंदा प्राप्त फर्म से सामान को क्रय न करना:-**

जांच के दौरान पाया गया कि सैनिक विश्राम गृह निधि ऊना से निम्नविवरणानुसार 4 हैलोजन हीटर क्रय के लिए ₹5600 का भुगतान किया गया है।

| वाऊचर संख्या | दिनांक | फर्म का नाम व पता | सामान का विवरण | मात्रा | दर | मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | 23-11-16 | सेठी इलेक्ट्रिकल, ऊना | हैलोजन हीटर (3 रॉड बाला Orpat ) | 4 | 1400 | 5600 |

उपरोक्त उल्लेखित हैलोजन हीटरों का क्रय निविदाओं के आधार पर किया गया है जबकि उक्त सामान का क्रय दर सविंदा प्राप्त फर्म से किया जाना अपेक्षित था । अत; सरकार से दर सविंदा प्राप्त फर्म से क्रय न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये व भविष्य में सामान का क्रय दर सविंदा प्राप्त फर्म से ही किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

11 **स्टोर व स्टॉक में शेष पड़े सामान का भौतिक सत्यापन न करवाना :-**

संस्था द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान स्टोर व स्टॉक में शेष पड़े सामान का भौतिक सत्यापन नहीं करवाया गया है । जबकि हिमाचल प्रदेश के वितीय नियम, 2009 के नियम 140 (2) के अनुसार यह सत्यापन वर्ष में कम से कम एक बार करवाया जाना अपेक्षित है। अतः स्टोर व स्टॉक में शेष पड़े सामान का भौतिक सत्यापन न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व प्रत्येक वितीय वर्ष के अन्त में स्टोर व स्टॉक में शेष पड़े सामान का भौतिक सत्यापन करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। तदानुसार अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

12 **लघु आपति विवरणिका:-** यह अलग से जारी नहीं की गई है।

13 **निष्कर्ष:-** लेखों के रखरखाव में सुधार की आवश्यकता है

हस्ता/–
(ज्ञान चन्द शर्मा)
उप निदेशक
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009
फोन नं0 0177–2620881